LOK SABHA SPEAKER ADDRESSES OVER THOUSAND STUDENTS FROM AROUND 80 SCHOOLS IN 9 DISTRICTS OF NORTH BENGAL AT OPENING CEREMONY OF INDIA @ G20/लोक सभा अध्यक्ष ने INDIA@G20 के अंतर्गत उत्तर बंगाल के 9 जिलों के लगभग 80 स्कूलों से आये एक हजार से अधिक छात्रों को सम्बोधित किया

...

YOUTH ARE ENDOWED WITH ENERGY, NEW THINKING, COURAGE AND POTENTIAL WHICH CAN GIVE A NEW DIRECTION TO SOCIETY: LOK SABHA SPEAKER/नौजवानों के विचारों में ऊर्जा है, नई सोच हैं, साहस और सामर्थ्य है जो समाज को नई दिशा दे सकता हैं: लोक सभा अध्यक्ष

...

COUNTRY WILL BECOME VISHWA GURU ONLY ON THE STRENGTH OF YOUNG TALENT: LOK SABHA SPEAKER/युवा प्रतिभा के बल पर ही देश विश्व गुरु बनेगा: लोक सभा अध्यक्ष

...

DEVELOPMENT OF TOURISM WILL BOOST COUNTRY'S ECONOMY: LOK SABHA SPEAKER/पर्यटन के विकास से देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा: लोक सभा अध्यक्ष

..

INDIA IS WORKING IN THE SPIRIT OF VASUDHAIVA KUTUMBAKAM: LOK SABHA SPEAKER/भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से काम कर रहा है: लोकसभा अध्यक्ष

...

YOUTH WILL TAKE INDIA FORWARD ON PATH OF ECONOMIC PROSPERITY AND DEVELOPMENT: LOK SABHA SPEAKER/युवा भारत को आर्थिक समृद्धि और विकास के पथ पर आगे ले जाएंगे: लोकसभा अध्यक्ष

...

IT IS A MATTER OF PRIDE FOR INDIA TO CHAIR G-20 DURING AZADI KA AMRIT MAHOTSAV: LOK SABHA SPEAKER/आजादी के अमृत महोत्सव काल में भारत द्वारा जी-20 की अध्यक्षता गर्व का विषय है: लोक सभा अध्यक्ष

...

Siliguri, 25 February 2023: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla addressed more than thousand students from around 80 schools in 9 districts of North Bengal under India@G20 in Siliguri, today.

On this occasion, Shri Birla said that it has always been his endeavor to meet young friends as much as possible, talk to them and listen to their experiences. Young children have the potential, hopes, dreams, and the determination to make them come true. He told that he is feeling more energetic among the children. He further said that the country's education policy is not only developing the intellectual potential of the youth, but also showing the path of their multi-dimensional progress. He expressed confidence that the challenges facing the world would be solved only by the courage and strength of the young students. Shri Birla also congratulated and complimented the students for their tireless hard work and efforts.

Speaking on “Theme Tourism”, Shri Birla said that India is known all over the world for its cultural and geographical features. From language to dress, from culture to food, diversity exists here in different forms. That is why tourism is important for India.

Referring to the immense progress of tourism in the country, Shri Birla said that when tourism increases, more and more employment is generated and the country's

economy gets a boost. He said that Siliguri city is one of the major tourist destinations of West Bengal. The development of modern infrastructure amidst the scenery full of snow-capped mountains, diversity of wildlife, tea plantations and natural beauty shows the picture of the emerging city. Siliguri is also the gateway to Northeast India, he observed.

Referring to the growing tourism profile of the country, Shri Birla said that it is the result of the efforts of the Government of India that the country has seen growth in the Global Tourist Index ranking. At present, emphasis is being laid on the conservation, preservation and registration of antiquities of archaeological monuments, added Shri Birla. He suggested that once in a year everyone must go to a place where you have never been before. It will fill everyone's life with a new kind of experience.

Shri Birla said that it is a matter of pride for India to chair the G-20 during Azadi Ka Amrit Mahotsav , and this programme is also an important part of it. The G-20 countries comprise 60% of the world's population, 85% of global GDP and 75% of global trade. The success of G-20 is the responsibility of all Indians. He noted that India getting the chairmanship of G-20 shows that India's presence has increased on the global stage and India has emerged as a global power.

Further interacting with the youth, Shri Birla encouraged them to do smart work with hard work. And he told the students that whatever they have achieved, and the people who have contributed in this journey, they must remember them and express their gratitude to them.

सिलीगुड़ी, 25 फ़रवरी, 2023: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज सिलीगुड़ी में India@ G20 के अंतर्गत उत्तर बंगाल के 9 जिलों के लगभग 80 स्कूलों से आये एक हजार से अधिक छात्रों को सम्बोधित किया।

इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा मेरी सदैव यही कोशिश रहती है कि युवा मित्रों से अधिक से अधिक मिलूं, उनसे बात करूं, उनके अनुभवों को सुनूं। आपके अंदर सामर्थ्य है, उम्मीदें हैं, सपने हैं,और उन्हें पूरा करने का संकल्प भी है। उन्होंने बताया कि बच्चों के मध्य वे स्वयं को और अधिक ऊर्जावान महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि देश की शिक्षा नीति नौजवानों की बौद्धिक क्षमता का विकास तो कर ही रही है, इसके साथ-साथ उनकी बहुआयामी प्रगति का पथ भी दिखा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दुनिया के

सामने आने वाली चुनौतियां का समाधान युवा छात्रों के साहस और सामर्थ्य से ही निकलेगा। श्री बिरला ने छात्रों को और उनके साथ काम कर रहे सहयोगियों की अथक मेहनत और प्रयासों के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

श्री बिरला ने "थीम पर्यटन" के विषय पर कहा कि भारत अपनी सांस्कृतिक और भौगोलिक विशेषताओं के कारण पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। यहाँ भाषा से लेकर वेश-भूषा तक, संस्कृति से लेकर खान-पान तक, अलग-अलग रूपों में यहाँ विविधता मौजूद है। इसीलिए भारत के लिए पर्यटन महत्वपूर्ण हैं।

देश में पर्यटन की असीम प्रगति का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा की जब पर्यटन बढता है तो, पूंजी निवेश में ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिलता है और देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि सिलीगुड़ी शहर पश्चिम बंगाल के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। बर्फ से ढके पहाड़ों, वन्य जीवों की विविधता, चाय बाग़ान और प्राकृतिक सुन्दरता से भरपूर दृश्यों के बीच आधुनिक इनफ्रास्ट्रक्चर का विकास और उभरते शहर की तस्वीर दिखाता है। सिलीगुड़ी पूर्वोत्तर भारत का प्रवेश द्वार भी है।

देश के बढ़ते पर्यटन प्रोफाइल का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि भारत की ग्लोबल टूरिस्ट इंडेक्स रैंकिंग में वृद्धि आयी है। वर्तमान में पुरातात्विक स्मारकों के संरक्षण, पंजीयन, पुराशेषों को पंजीकृत करने के अभियान को बल दिया जा रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि हर साल सभी एक बार ऐसी जगह ज़रूर जाएँ जहां आप पहले कभी न गये हों। यह सभी के जीवन को एक नए तरह के अनुभवों से भर देगा।

श्री बिरला ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव काल में भारत द्वारा जी-20 की अध्यक्षता गर्व का विषय है, और यह समारोह भी इसी का एक अहम हिस्सा है। जी-20 देशों में दुनिया की 60% आबादी, वैश्विक जीडीपी का 85% और वैश्विक व्यापार का 75% शामिल है। इस आयोजन की सफलता सभी भारतीयों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलना इस बात को दर्शाता है कि वैश्विक मंच पर भारत का महत्व बढ़ा है और भारत वैश्विक शक्ति बन कर उभरा है।

युवाओं से बात करते हुए श्री बिरला ने कहा कि मैं आप सभी से यही कहूँगा कि हार्ड वर्क के साथ-साथ अब स्मार्ट वर्क की जरूरत है। इसलिए हमें उसी अनुसार कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि छात्रों ने जो कुछ भी हासिल किया है, तथा इस यात्रा में जिन-जिन लोगों का योगदान है, उन्हें याद जरूर रखें और उनके प्रति अपना आभार व्यक्त करें।